एक नजर में

## प्रेस क्लब सदस्यों को मिलेगा 5 लाख का दुर्घटना बीमा



इंदौर. इंदौर प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को राजेंद्र माथुर सभागार में हुआ. इस मौके पर अध्यक्ष दीपक कर्दम ने घोषणा की कि प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को 5 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा मिलेगा. इसका खर्च वे और उनके सहयोगी उठाएंगे, इसमें न सरकार से मदद ली जाएगी और न ही सदस्यों को कोई शुल्क देना होगा. कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति में अध्यक्ष दीपक कर्दम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, उपाध्यक्ष प्रियंका पांडेय, महासचिव प्रदीप जोशी, सचिव अभिषेक चेंडके, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ली. निवृत्तमान अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने अपने संबोधन में नई टीम को मीडियाकर्मियों के हित में और अधिक कार्य करने की सलाह दी. अध्यक्ष कर्दम ने भरोसा दिलाया कि तीनों वर्ष तक टीम काम किया, काम करेंगे की सोच के साथ पत्रकारों के लिए समर्पित रहेगी.

## हिंदी मेरा सम्मान, स्वाभिमान, अभिमान : कवि दांगी



महू. भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में आज उच्च शिक्षा विभाग म प्र शासन भोपाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग के माध्यम से हिंदी पखवाड़े के तहत काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय कवि राकेश दांगी और प्रोफेसर श्याम सुंदर पलोड़ द्वारा काव्य पाठ किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण ओझा एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी कवियों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण ओझा ने बताया कि राष्ट्रीय कवि एवं प्रोफेसर श्याम पलोड ने हास्य व्यंग और करुणा के माध्यम से विविध आयामों पर काव्य पाठ किया, उन्होंनें बताया कि कल्पना और विचारों का तालमेल ही कविता है. इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि राकेश दांगी ने विद्यार्थियों के सम्मुख हिंदी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी मेरा सम्मान, हिंदी मेरा स्वाभिमान, हिंदी मेरा अभिमान, हिंदी ही मेरा राष्ट्रगान है. उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत विभिन्न काव्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत की .इस अवसर पर छात्र सूर्य कांत धुर्वे द्वारा भी सुंदर काव्य प्रस्तुति दी गयी, इस कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ वंदना चराटे द्वारा अतिथि परिचय डॉ साधना व्यास द्वारा एवं आभार प्रदर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ .मनीषा दंडवते द्वारा किया गया. काव्य गोष्ठी में महाविद्यालय प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।काव्य पाठ कार्यक्रम के आयोज में डॉ अर्चना अग्रवाल, डॉ शैलेन्द्र पिपरिया का सराहनीय योगदान रहा.

## चक्रवर्ती सम्राट की दिग्गविजय यात्रा निकाली



इंदौर. दिगम्बर जैन पंच बालयती मंदिर सत्य सांई चौराहा एबी रोड पर गणाचार्य विराग सागर महाराज के शिष्य उच्चारणाचार्य विनम्र सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में श्री मज्जिनेन्द्र पूजन प्रशिक्षण शिविर पंच परमेष्ठी की भक्ति पूजन आराधना का दस दिवसीय के समापन पर आज चक्रवर्ती सम्राट की दिग्गविजय यात्रा निकाली गयी. प्रवीण जैन ने बताया कि इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में गुरुदेव ने के सानिध्य में अभिषेक एवं शांतिधारा की गई. गुरुदेव ने पूजन के विनय पाठ मंगल विधान पूजन प्रतिज्ञा पाठ के साथ देव शास्त्र गुरु की पूजन का अर्थ समझाया. आज शिविर के अंतर्गत चक्रवर्ती सम्राट सौधर्म इन्द्र इन्द्राणियों के साथ दिग्विजय यात्रा में शामिल हुए. यात्रा में बैंड-बाजे बग्गीयां झाबुआ से बुलाई गई. आदिवासी न्रत्य करने वाली टोलियाँ पुरूष सफेद वस्त्र एवं महिलाएं केशरिया वस्त्रों में चल रहे थे. गुरुदेव के सानिध्य में सर्वोत्कृष्ट समाधि साधक नामक पुस्तक का विमोचन किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से से आकाश-दिपिका जैन, अक्षय-लीना कासलीवाल, हर्ष-तृप्ति जैन, नवीन-आनंद गोधा, राहुल जैन, धर्मेंद्र जैन, डिके जैन, संजय अहिंसा, अशोक डोसी, जैनेश झांझरी, पवन सिंघई, हंसमुख गांधी, विनोद जैन के साथ सभी समाज जन शामील हुए,

## सामूहिक आरती कर लिया समाज सेवा का संकल्प



इंदौर. श्री अग्रवाल संगठन पश्चिम क्षेत्र द्वारा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य मल्हारगंज, तेलीबाखल स्थित नारनोली अग्रवाल पंचायत मांगलिक भवन पर महाराजा अग्रसेन की चित्र पूजन कर महालक्ष्मीजी और महाराजा अग्रसेन की सामूहिक आरती का आयोजन धूमधाम से किया गया. इस अवसर पर समाजबंधुओं ने महाराजा अग्रसेन के संदेशों के अनुरूप समाजसेवा का संकल्प व्यक्त किया. संगठन के संरक्षक गोपाल गोयल, अध्यक्ष जगदीश बाबाश्री, मार्गदर्शक मंडल के हुकमचंद अग्रवाल ने बताया कि विधायक मालिनी गौड़, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक जैन टीनू ने भी महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया और उनके संदेशों पर चलने का आव्हान किया. कार्यक्रम में नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, हरिनारायण गोयल, गोपाल गोयल हिंडोनिया, पी.डी. गर्ग, अरुण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल एवं सुनील गर्ग सहित बड़ी संख्या में पश्चिम क्षेत्र के समाजबंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई .शाम को सभी समाजबंधु राजबाड़ा से निकलने वाले केन्द्रीय समिति के जुलूस और चिमनबाग मैदान पर आयोजित सामाजिक सम्मेलन में भी शामिल हुए. पश्चिम क्षेत्र की 30 से अधिक कालोनियों के समाजबंधुओं का स्नेहभोज भी आयोजित किया गया.

## दशहरा मैदान पर 111 फीट रावण के पुतले का होगा दहन



इंदौर. दशहरा मैदान पर इस बार भी विजया दशमी पर 2 अक्टूबर को 111 फीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन होगा. समिति सयोजक सत्य नारायण सलवाडिया और अध्यक्ष पिंटू जोशी ने बताया कि लालू लाहो रिया, मनोज आर्या और प्रवीण हरगाँवकर, मनोज तोमर की टीम पिछले एक पखवाडे से रामबाग गणेश कॉलोनी में रावण के पुतले का निर्माण कर रही है. बहुत जल्दी रावण के पुतले को दशहरा मैदान पर खड़ा कर दिया जायेगा. रावण दहन के पूर्व प्रताप चौराहा से दशहरा मैदान तक शोभायात्रा निकलती है. उसके बाद आतिशबाजी होती है. खेमा इंडस्ट्रीज बीते 50 वर्षो से नि:शुल्क आतिश बाजी करती आ रही है. इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं. सलवाडिया ने बताया कि दशहरा महोत्सव समिति बीते 50 वर्षो से हर वर्ष विजयादशमी पर रावण के पुतले का दहन करती आ रही है. इंदौर की यह सबसे पुरानी रावण दहन समिति है. इस समिति में पूर्व पार्षद सुरेश मिंडा, नारायण सिंह यादव, प्रह्लाद शर्मा, अरुण माहेश्वरी और जितेंद्र रावरिया भी शामिल है.

# 12 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस :** विधायक मालिनी गौड़ ने किया अभियान का शुभारंभ,बच्चों में दिखा उत्साह



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश की तरह इंदौर जिले में भी मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया. शुभारंभ महू नाका स्थित सांदीपनि मालव कन्या विद्यालय से हुआ, जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मालिनी गौड़ रहीं. विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और कहा कि वे अपने साथियों व परिजनों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे.

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के लगभग 12 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी. इसमें सरकारी, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, निजी विद्यालय, आदिवासी आश्रम शालाएं, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय, मदरसे और आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ-साथ स्कूल छोड़ चुके बच्चे भी शामिल हैं. जो बच्चे 23 सितंबर को गोली नहीं ले पाएंगे, उन्हें 26 सितंबर को मॉप-अप राउंड में दवा दी जाएगी. इस वर्ष विशेष रूप से 20 से 49 वर्ष तक की प्रजनन आयु की महिलाओं जो गर्भवती और धात्री नहीं हैं को भी 400 मि.ग्रा. की एल्बेंडाजोल गोली दी जाएगी. इन महिलाओं को भी मॉप-अप राउंड के दौरान दवा उपलब्ध कराई जाएगी. विधायक मालिनी गौड़ ने संबोधन में कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका अहम है. मुख्यमंत्री की पहल पर स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में कई योजनाएं चल रही हैं, जिनका लाभ सीधे बच्चों के भविष्य को सुदृढ़ बनाने में मिलेगा. उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में नारी शक्ति अपनी छाप छोड़ रही है और आज बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक देकर इस अभियान की शुरुआत होना गर्व की बात है. उन्होंने विद्यालय की बस सेवा जल्द पुन: शुरू कराने का भी आश्वासन दिया. शुरुआती कार्यक्रम में 582 बच्चों और शिक्षिकाओं को एल्बेंडाजोल गोली दी गई.

### बचाव की जानकारी दी

विशेषज्ञों ने बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव पर जानकारी दी और बताया कि खुले में खेलने, बिना हाथ धोए खाना खाने, गंदे फलों-सब्जियों के सेवन और शौचालय के बाद हाथ न धोने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है. इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी डॉ. मनीषा पंडित, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शिवराज सिंह चौहान, झोनल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. कदम, एविडेंस एक्शन के क्षेत्रीय समन्वयक आदिल खान और टीकाकरण सहयोगी विकास वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

## बच्चे के अपहरण की कोशिश नाकाम

**लोगों ने आरोपी को पकड़कर पीटा**

**जिंसी में छह साल के मासूम को चाकू की नोक पर बंधक बनाया, भीड़ की बहादुरी से बची जान**





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मंगलवार सुबह जिंसी इलाके में छह साल के मासूम शिवम को अगवा करने की कोशिश नाकाम हो गई। आरोपी युवक बच्चे को लेकर भागने ही वाला था कि मोहल्लेवालों की सतर्कता और साहस से उसकी जान बच गई. गुस्साई भीड़ ने आरोपी को अधमरा कर पुलिस के हवाले कर दिया.**

जानकारी के अनुसार जिंसी निवासी सुनील यादव का बेटा शिवम घर के बाहर खेल रहा था. उसी दौरान एक युवक, जो यहां रहने वाले बंगाली परिवार से मिलने आया था, बच्चे को उठाकर ले जाने लगा. लोगों को शक हुआ तो उन्होंने शोर मचाया.

आरोपी भागकर पास के कमरे में घुस गया और दरवाजा बंद कर लिया. भीड़ के दबाव में जब दरवाजा तोड़ा गया तो आरोपी ने शिवम की गर्दन पर चाकू रखकर धमकी दी कि पास आए तो बच्चे को मार देगा. इसके बावजूद मोहल्ले वाले पीछे नहीं हटे और हिम्मत दिखाते हुए बच्चे को सुरक्षित छुड़ा लिया. इसके बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी की जमकर पिटाई की और उसे घसीटते हुए मल्हारगंज थाने पहुंचाया. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है.

## बसों पर बकाया कर के 14 लाख वसूले



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आज आरटीओ ने शहर में लोक परिवहन वाहनों से बकाया मोटरयान कर के 14 लाख रुपए वसूल करने के कार्रवाई की. इसमें स्कूल बसों, विभिन्न मार्गो पर संचालित बसों की चेकिंग के गई. जांच में करीब 12 बसों पर मोटरयान कर के राशि बकाया पाई गई. आज आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों द्वारा कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई. इसके तहत यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है. आज इंदौर-धार, इंदौर -उज्जैन रूट की बसों की चेकिंग की गई. स्कूल बसों, यात्री बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 12 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही बिना परमिट संचालित एक बस को जब्त किया गया. इसके अलावा 05 पिकअप वाहनों को भी दस्तावेज के अभाव में जब्त किया. बसों पर 14 लाख रूपए से अधिक का मध्यप्रदेश मोटरयान कर बकाया था, जिसे मौके पर ही जमा करवाया गया. इस दौरान वाहनों से 81 हजार रुपए से ज्यादा जुर्माना वसूला गया. कारवाई के दौरान एआरटीओ राजेश गुप्ता और अर्चना मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में आरटीओ कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.

## इंजीनियर्स बिना प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती : सिलावट

**ब्रिलियेंट कन्वेशन सेंटर में इंजीनियर्स डे मनाया**

**दी इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इन्दौर लोकल सेंटर का आयोजन**



**इंदौर.** दी इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इन्दौर लोकल सेंटर द्वारा ब्रिलियेंट कन्वेशन सेंटर में इंजीनियर्स डे मनाया गया. मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट थे. मुख्य वक्ता टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के रीजनल हेड अमिताभ तिवारी एवं टीसीएस के अंकुर पंडित थे.

कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वंदना से हुआ. संस्था अध्यक्ष इंजी. दिनेश शुक्ला ने अपने स्वागत उद्बोधन में सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरेया को महान इंजीनियर एवं शिल्पकार बताते हुए संस्था इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया. कार्यक्रम की संयोजक एवं चेयरमैन डॉ. शिल्पा त्रिपाठी द्वारा सीएटीई, आईईआई द्वारा थीम पर प्रकाश डाला गया. साथ ही सर विश्वेश्वरेयाजी द्वारा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में किये गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया. इस मौके पर मंत्री सिलावट ने भारत में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की चर्चा की. उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री के सपनों को साकार करने में इंजीनियर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है. इंजीनियर्स के बिना भारत के विकास और तरक्की की कल्पना नहीं की जा सकती है. इंजी. एवं सह -संयोजक आरपी गौतम ने सिलावट को स्मृति चिह्न भेंट किया. इस मौके पर एसजीएसआईटीएस के डायरेक्टर निलेश पुरोहित का सम्मान किया गया. संस्था सचिव इंजी. रमेश सिंह चौहान ने मुख्य वक्ता अमिताभ तिवारी का स्वागत किया. कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, डॉ. बसंत अग्रवाल, आर पी श्रीवास्तव, डॉ. संदीप नरूलकर, डॉ. रक्षा पारुलकर, डॉ. सचिन बलसरा एवम डॉ. गिरीश सोनी तथा कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा गुप्ता ने किया.

### संसाधन उपलब्ध कराए जाएं

अमिताभ तिवारी द्वारा डीप टेक विषय पर गहन प्रस्तुति दी गई, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्र भारत के भविष्य को आकार दे रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा प्रबंधन, क्वांटम कंप्यूटिंग और नवाचार केंद्र भारत को वैश्विक तकनीकी शक्ति बना सकते हैं. इंदौर जैसे शहर इस परिवर्तन के अग्रदूत बन सकते हैं, यदि उन्हें सही दिशा और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं. इंजी. अंकुर पंडित ने कहा कि एआई, क्रिप्टोग्राफी, ड्रग डिस्कवरी और मौसम पूर्वानुमान जैसे क्षेत्रों में क्वांटम कंप्यूटिंग क्रांति ला सकती है. यह भविष्य की तकनीक है, जिसे अभी से अपनाने और उस पर शोध करने की आवश्यकता है.

## देवी भागवत कथा का लाभ लेने पहुंचे हजारों भक्त

- अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव' का दूसरा दिन... हजारों भक्तों ने लिया भोजन
- प्रसादी का लाभ



**इंदौर. इंदौर में चल रहे 'अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव' में आने वाले भक्तों और अनुयायियों को कल हुई तेज बारिश भी नहीं रोक पाई. वक्त से पहले पहुंचे भक्तों ने सुबह विशेष साधना के बाद महायज्ञ और फिर देवी भागवत कथा का श्रवण किया. इसके बाद देर रात तक हजारों भक्तों ने नि:शुल्क व्रत और सामान्य भोजन प्रसादी का लाभ लिया.**

ये भव्य और अद्वितीय धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक वीआईपी परस्पर नगर में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में हो रहा है. महीनों पहले से यहां अनुयायी आकर सेवा कर रहे हैं. अब इंदौर के भक्तों से परिसर की रौनक बढ़ी है। हर उम्र के श्रृद्धालु यहां सुबह से देर रात तक धर्म का लाभ लेने के लिए पहुंच रहे हैं. आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने बताया कि इस साल की नवरात्रि खास है, जो सैकड़ों वर्षों में देखने में आती है. नवरात्रि के दूसरे दिन भी काशी से आए 145 विद्वान पंडितों ने 1 करोड़ कुमकुम अर्चन में से 10 लाख कुमकुम अर्चन की आराधना की। दोपहर 3 से 6 बजे तक विशेष महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई, जिसमें देश-विदेश से आए अनुयायियों के साथ शहर और आसपास के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष शामिल हुए. इससे पहले सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष साधना भी हुई.

### आज हास्य कवि सुरेन्द्र शर्मा आएंगे

आयोजन स्थल पर हर दिन शाम 7 से रात 10 बजे तक देवी भागवत कथा भी हो रही है. दूसरे दिन आचार्यश्री ने कथा के बाद विशेष प्रवचन में दरबार में मां भगवती के आगमन की दिव्य अनुभूति का वर्णन किया. इसके बाद भक्तों ने व्रत और सामान्य भोजन प्रसाद की नि:शुल्क व्यवस्था का देर रात तक लाभ लिया.

देवी भागवत कथा के बाद रात में कथा स्थल पर प्रस्तुतियां भी होंगी. 24 सितंबर को हास्य कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा आ रहे हैं, जो अपनी रचनाओं को अपने मुख से सुनाकर भक्तों को गुदगुदाएंगे.

## जल का सर्वाधिक उपयोग कृषि में, इसलिए जल सबसे अधिक महत्वपूर्ण : डॉ . शर्मा



**इंदौर. हमारे देश में 90 प्रतिशत भूजल का उपयोग कृषि में होता है और 7 प्रतिशत घरेलू उपयोग में जबकि केवल 3 प्रतिशत भूजल उद्योगों में उपयोग किया जाता है. पूरे भारत में 85 प्रतिशत ग्रामीण पेयजल योजनाएं भूजल आधारित हैं और इसीलिए भूजल हमारे लिए, हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है.**

यह बात पर्यावरणविद् डॉ. सुधींद्र शर्मा ने कही. वे रोटरी क्लब द्वारा प्रोजेक्ट जल संवाद के अंतर्गत जल प्रबधन के महत्व पर मुख्य वक्ता बतोर बोल रहे थे. डॉ. शर्मा ने अत्यंत रोचक उदाहरणों से समझाया कि हमारे साहित्य, फिल्मों और आसपास की घटनाओं से भी हमको जल प्रबंधन के महत्व को जानना और समझना चाहिए.

अपनी बात को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें समझना होगा कि अफ्रीका में उगाए गए गुलाब या मध्यप्रदेश में उगाए गए गेहूं या पश्चिम बंगाल में उगाए गए धान, इन सभी में जो पानी का खर्च हो रहा है, वह पानी का वर्चुअल ट्रांसफर है,

इसे समझकर ही हम सही जल प्रबंधन की रणनीति बना सकेंगे. आकर्षक प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने अपने विस्तृत व्याख्यान मे भूजल रीचार्ज और नदियों के बहाव, स्थानीय परिस्थितियों, वनस्पतियों और मिट्टी के अंतर्संबंधों पर भी चर्चा की.

### प्रश्नों के उत्तर दिए

**शर्मा ने शोधार्थियों एवं कर्मचारियों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का उत्तर भी दिया**

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल के सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे उपस्थित थे. संचालन सिविल इंजीनियर संजय सिंह ठाकुर ने एवं आभार प्रदर्शन संस्था के केंद्र निदेशक डॉ. वसंत साठे द्वारा किया गया.

## पुलिस ने पकड़ा नकबजन 4 लाख की मोटरें बरामद



**इंदौर.** सांवेर रोड स्थित पानी फिल्टर कंपनी रेवा बिवरेजेस में हुई नकबजनी का खुलासा करते हुए बाणगंगा पुलिस ने 19 वर्षीय आरोपी संदीप चौहान निवासी ग्राम रिंगनोदिया को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से चोरी की गई करीब चार लाख रुपये कीमत की पांच नई मोटरें जब्त की गई.

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि 16 और 17 सितंबर की दरम्यानी रात आरोपी ने प्लांट की दीवार फांदकर मोटरें चुरा ली थीं और उन्हें टिगरिया बादशाह क्षेत्र में सुनसान जगह पर छिपाकर रखा था. पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच, पुराने नकबजनों से पूछताछ और कबाड़ बाजार पर निगरानी के बाद आरोपी को पकड़ा. पूछताछ में संदीप ने स्वीकारा कि वह लंबे समय से प्लांट और आसपास की कंपनियों की रेकी कर रहा था और चोरी की मोटरों को बेचने के लिए दुकानदार तलाश रहा था. लेकिन सौदा होने से पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया, मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

एक नजर में

**संस्था महाकाल सेवा संस्थान एवं सुल्तान-ए-इंदौर द्वारा सर्वपितृ अमावस्या के उपलक्ष्य में भेजा**

## लावारिस 200 शवों की अस्थियों का पूजन कर नर्मदा में विसर्जन के लिए विदाई



**इंदौर. पिछले 40 वर्षों में अब तक 11 हजार 700 से अधिक लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने वाली संस्था महाकाल सेवा संस्थान एवं सुल्तान-ए-इंदौर द्वारा सर्वपितृ अमावस्या के उपलक्ष्य में गांधी हाल में 200 शवों की अस्थियों का पूजन कर उन्हें पवित्र नर्मदा नदी में प्रवाहित करने हेतु ओंकारेश्वर भेजा गया.**

ओंकारेश्वर में भी पिंडदान एवं तर्पण तथा अस्थि विसर्जन की सभी रस्में शास्त्र सम्मत विधि से विद्वान पंडितों के सानिध्य में संपन्न की गई.

संस्था के प्रमुख अशोक गोयल, सुल्तान-ए-इंदौर के अध्यक्ष करीम पठान एवं जयदीप जोशी ने बताया कि इस अवसर पर सुरेश मोरे, फिरोज पठान, रिंकू ठाकुर एवं विजयेन्द्र यादव, हेमंत शर्मा, राजकुमार मेहता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे. राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, सद्‌गुरू अण्णा महाराज, भागवताचार्य पं. पुष्पानंद पवन तिवारी एवं समाजसेवी हरि अग्रवाल के आतिथ्य में गांधी हाल में पूजन के पश्चात अस्थि कलश को वाहन में विराजित कर ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थित किया गया. कार्यक्रम में गुरूद्वारे से आए पंच प्यारों ने भी अस्थियों के समक्ष अरदास की. इनमें दिलीप राजपाल, मामा सरदार, योगीराज नाथयोगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### मिल चुका है सम्मान

अतिथियों ने मानवता के रिश्तों और सेवा की मिसाल के प्रति इस आयोजन की खुले मन से सराहना की। पूर्व में भी संस्था को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की ओर से लावारिस शवों के अंतिम संस्कार के कीर्तिमान हेतु सम्मानित किया जा चुका है।